CAREERS 360
PRACTICE Series

# UP Board Class 12

## Biology Model Paper 2023-24

प्रतिदर्शप्रश्न पत्र
सत्र–2023–24
जीवविज्ञान
कक्षा–12

समय – 3 घन्टे 15 मिनट पूर्णांक– 70

निर्देशः–

1– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।
2– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3– आवश्यकतानुसार अपनी पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।
4– सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1–सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :–

(क) निम्नलिखित में से कौन–सा भाग पुष्प नर जनन अंग का प्रतिनिधित्व करता है? 1
i–पुमंग, ii–जायांग,
iii–गुरूबीजाणुधानी, iv–परागण

(ख) मनुष्य में संतान का लिंग निर्धारण होता है– 1
i–माँ के लिंग गुणसूत्र से ii–अण्डाणु के माप से
iii– शुक्राणु के माप से iv–पिता के लिंग गुणसूत्र से

(ग) जेनेटिक इंजीनियरिंग का उपयोग होता है– 1
i–चिकित्सा में, ii–कृषि में,
iii–इन दोनों में, iv–किसी में नहीं

(घ)निम्नलिखित में से किसे भारत में जैव विविधता का तप्त स्थल समझा जाता है– 1

i–अरावली पवर्त ii– इण्डोगंगेटिक मैदान
iii–पश्चिमी घाट iv–पूर्वी घाट

2–अतिलघुउत्तरीय प्रश्न–

(क) क्लाइन फेल्टर एवं टर्नर सिंड्रोम में गुण सूत्रों की संख्या लिखिये। 1
(ख) नर जर्म कोशिकाएँ किस विभाजन द्वारा शुक्राणुओं का निर्माण करती हैं? 1
(ग) परागकण मातृ कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या क्या होती है? 1
(घ) उस एंजाइम का नाम लिखियें जो डी0एन0ए0 अणु को खंडो में तोड़ देता है। 1
(ङ.) समष्टि में परिकल्पित पिरैमिड किस प्रकार के होते हैं? 1

3– लघुउत्तरीय प्रश्न–I

(क) पक्षियों में लिंग निर्धारण को स्पष्ट कीजिए। 2
(ख) वाट्सन तथा क्रिक द्वारा प्रस्तुत डी0एन0ए0 के द्विकुण्डलित मॉडल का स्वच्छ नमांकित चित्र बनाइये। 2
(ग) प्रतिरक्षा क्या है? 2
(घ) आर्किड पौंधा आम के पेड़ की शाखा पर उग रहा है। आर्किड और आम के पेड़ के बीच पारस्परिक क्रिया को आप कैसे स्पष्ट करेंगे? 2

(ङ.) एक स्थलीय पारितंत्र में अपघटन चक्र का आरेखीय निरूपण कीजिए। 2

4– लघुउत्तरीय प्रश्न–II

(क) लघु बीजाणुधानी तथा गुरू बीजाणुधानी के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट करें। 3

(ख) हमारे समाज में लड़कियाँ पैदा होने पर दोष केवल महिलाओं को दिया जाता है? बताएँ कि यह क्यों सही नहीं है? 3
(ग) एक संकर क्रास का उदाहरण लेते हुए मेण्डल के प्रभाविता नियम की व्याख्या कीजिए। 1+2

(घ) डी0एन0ए0 कुण्डलनी की कौन सी विशेषता ने वाट्सन व क्रिक को डी0एन0ए0 प्रतिकृति के सेमीकन्जरवेटिव रूप को कल्पित करने में सहयोग किया? इसकी 3

व्याख्या कीजिए।

5—(क) मलेरिया परजीवी के जीवन चक्र का स्वच्छ एव ंनामाकिंत चित्र बनाइये। 3

(ख) जैविकी (जीव विज्ञान) के अध्ययन ने संक्रामक रोगों को नियंत्रित करने में किस प्रकार हमारी सहायता की है? 3

(ग) जैव उर्वरक किस प्रकार से मृदा की उर्वरता को बढ़ाते हैं? 3

(घ) बैक्यूलोवायरेसिस क्या है? 3

6— (क)—निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिये— $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

(i) पीसीआर

(ii) प्रतिबन्ध एंजाइम

(ख) जैव प्रौद्योगिकी का कृषि क्षेत्र में क्या उपयोग है? 3

(ग) पारजीवी जन्तु से आप क्या समझते हैं? कोई एक उदाहरण दीजिये। 2+1

(घ) निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए— $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

1—उत्पादन एवं अपघटन

2—परजीविता एवं सहभोजिता

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न—**

7—मनुष्य के नर जनन तंत्र का सचित्र वर्णन करिए। इसमें शुक्राणु कहाँ संचित रहते हैं? 2+2+1

**अथवा**

पुष्पी पादपों में लघु बीजाणुजनन का सचित्र वर्णन कीजिए। 2+3

8—आनुवंशिक कूट क्या है? इसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2+3

**अथवा**

जैंव विकास किसे कहते है? भूवैज्ञानिक कालों में होकर पादपों के विकास का सचित्र वर्णन कीजिए। 2+3

9— पादपों की जाति विविधता (22 प्रतिशत) जंतुओं (72 प्रतिशत) की अपेक्षा बहुत कम हैः क्या कारण है कि जंतुओं में अधिक विविधता मिलती है? 5

**अथवा**

किसी भौगोलिक क्षेत्र में जाति क्षति के मुख्य कारण क्या हैं? 5

CAREERS360